53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.2 °c अधिकतम 34.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर


सूर्योदय : 5:23 सूर्यास्त : 7:23 वर्ष : 53/ अंक : 183 शुक्रवार, 04 जुलाई 2025 आषाढ़, शुक्ल पक्ष, नवमीं सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अपने क्रोध पर विजय पाना दुनिया पर विजय पाने के समान है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कभी बैलेट पेपर लूटने वाले आज लोकतंत्र और जनता के वोट की दुहाई दे रहे हैं : नितिन नवीन पटना



जेबकतरों को, वोट चोरों को.... ऐब अपने नजर नहीं आते...

# अपराधों पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं...

# शहर की पॉश कॉलोनी में दिन दहाड़े 11 लाख की चोरी

**मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बु.)।** पुलिस लगातार शाम ढलते ही कोई ना कोई मुठभेड़ दिखाकर यह साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि यूपी के अन्दर अपराधी इनसे डरे हुए हैं। मगर बदमाश भी लगातार पुलिस की इस पोल को खोलते दिखाई पड़ रहे हैं और आये दिन जनपद के अन्दर अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। नगर की एक ऐसी कॉलोनी द्वारिका सिटी जिसके प्रवेश द्वार पर ही सिक्योरिटी गार्ड खड़े मिलते हैं और बिना पूछताछ के अन्दर तक नहीं जाने देते, ऐसी कॉलोनी में दिन दहाड़े खुद कॉलोनी के अध्यक्ष के घर चोरी होना साफ दर्शाता है कि चोरों के हौसले पुलिस से ज्यादा बुलंद हैं। द्वारिकासिटी में रहने वाले कॉलोनी के अध्यक्ष अमित वत्स ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वह आज बिजनौर गये हुए थे और उनकी शिक्षिका पत्नी सुबह साढ़े छः बजे ही प्राथमिक विद्यालय जौला, बुढ़ाना में शिक्षण कार्य हेतु चली गयी थी। लगभग दिन में दो बजे जब घर वापस आयी तो घर का गेट खुला हुआ था और जब घर के अन्दर प्रवेश किया तो उनके होश उड़ गये, क्योंकि चोर महज 18 मिनट में पूरा घर खंगाल कर उसमें से 11 लाख का माल साफ कर गये, जिसमें तकरीबन दो लाख अस्सी हजार रूपये की नगदी और दस लाख रूपये की ज्वैलरी, जिसमें एक सोने की चैन, चूडी, टॉपस, दो लाकेट, 25 चांदी की सिक्के, 10 जोड़ी पाजेयब, 10 जोड़ी बिछुए बताई गयी है। गृहस्वामी ने तत्काल इसकी सूचना नई मंडी पुलिस को दी। बताया जाता है कि बदमाश स्कूटर पर सवार होकर आये थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी। माना जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों को पहचान करेगी। मगर फिलहाल द्वारिका सिटी जैसी कॉलोनी में चोरी की घटना ने क्षेत्र के लोगों के ही नहीं नगर के लोगों के होश उड़ा दिये हैं और अपराध नियंत्रण के दावों की पोल पूरी तरह खुल गयी है।









# पेंट उतरने के डर से खुली पोल, गोपाल ने कबूला मैं तज्जमुल हूं

## - पोल खुलने के बाद ढाबा हुआ बंद

**मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बु.)।** आखिर और किस तरह के सबूत चाहिए कि असामाजिक तत्व लाखों कांवडियों से भी घबराने को तैयार नहीं है यदि यशवीर महाराज सड़कों पर उतरकर चैकिंग ना करें, तो सनव्वर का ढाबा पंडित जी वैष्णों भोजनालय ही माना जा रहा था। बड़ी बात यह है कि योगी सरकार के होने के बावजूद भी असामाजिक तत्वों को इस बात का डर ही नहीं है कि यदि कांवड़ियों को यह बात पता लग गई कि पंडित जी सनव्वर है और उनका कर्मचारी गोपाल नहीं तज्जमुल है, तो कांवड़ यात्रा के दौरान ऐसे लोगों के कांवडियें का हर्ष करेंगे और नाम दिया जायेगा कि कांवडियां उपद्रव करते हैं, जब आप किसी का धर्म भ्रष्ट करेंगे तो क्यों आपका कोई इलाज नहीं करेगा। सावन के दिनों में जो कांवडियां अपनी शुद्धि के लिए दस-दस बार नहाता है, बिना लहसुन-प्याज का भोजन करता है उसे अगर मांसाहार करने वाले लोग भोजन परोसेंगे और झूठ बोलेंगे कि उनका नाम गोपाल है और पंडित जी है, तो ऐसा झूठ किसे पच पायेगा। ऐसे में क्रोध आना तय है। गुरूवार को जब पंडित जी ढाबे पर पेंट उतारने के मामले में



नया मोड़ आया तो यह साफ जाहिर हो गया कि पेंट उतरने से पहले ही गोपाल तज्जमुल हो गये। खुद तज्जमुल ने स्वीकार किया कि इसकी मालकिन दीक्षा शर्मा मेरठ रहती है और इस ढाबे को पिछ्ले पांच साल से पंडित ढाबे के नाम से ही चलाया जा रहा है। सनव्वर इसका संचालन करता है। कुल तीन कारीगर मुस्लिम हिन्दू नाम बदलकर रह रहे हैं। सनव्वर का नाम पंडित जी, तज्जमुल का नाम गोपाल और फिरोज का नाम सुरेश रखा हुआ था। ऐसे में कौन इन असामाजिक तत्वों पर विश्वास कर लेगा। बेशक चंद लोग पूरी कौम को बदनाम कर रहे हों, मगर



धीरे-धीरे पूरी कौम का चेहरा सामने आ रहा है। कभी राज मार्किट में रोटी पर थूकना, कभी लोहिया बाजार की गली के बाहर मुस्लिम बुढडे द्वारा महिला को चूंटना, फिर शाहजी मार्किट में बुर्काधारी द्वारा चोरी करना, आखिर क्यों ये सब काम एक ही कौम अधिकांश मात्रा में कर रही है और जाने अनजाने अपने ही धर्म के लोगों को बदनाम कर रही है। ऐसे में जो सही मुस्लिम हैं, हो ना हो उन्हें भी इसी निगाह से देखा जायेगा कि कहीं ना कहीं ये लोग शुद्ध शाकाहारी लोगों का धर्म भ्रष्ट करने में लगे हुए हैं, जो व्यक्ति प्याज तक खाना पसंद नहीं करता, वह इनके हाथ से रोटी बेशक अंजाने में खा रहा हो, मगर किसी दिन आमने-सामने यह सच्चाई आ गई तो यह तय है

शेष पृष्ठ- 4 पर....

## द्वारिका सिटी में हुई चोरी की घटना पर मंत्री कपिल देव ने पीड़ित परिवार से भेंट कर ली जानकारी

मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बु.)। आज अपनी विधानसभा मुजफ्फरनगर क्षेत्र के द्वारिका सिटी स्थित श्री अमित वत्स जी के आवास पर सुबह हुई चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया। मंत्री कपिल देव ने तत्काल जांच अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और संबंधित प्रशासन जांच अधिकारियों व एस एस पी को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में अपराध और अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।



## हापुड़ में भीषण सड़क हादसा, कैंटर ने बाइक को रौंदा; चार बच्चों समेत पांच की मौत

**हापुड, 03 जुलाई (एजेंसी)।** हापुड़ जिले में बुलंदशहर रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में चार बच्चों समेत पांच की मौत हो गई। गलत दिशा में आ रहे कैंटर ने बाइक को रौंद दिया। एक बाइक पर चार बच्चों समेत पांच लोग सवार थे। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। गलत दिशा में आ रहे कैंटर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार चार बच्चों समेत पांच की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पांच लोगों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया हापुड़ के हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास बुधवार रात साढ़े दस बजे हुए भीषण हादसे में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक एक ही बाइक पर सवार थे। मृतकों में पिता और दो बेटियां भी शामिल हैं। हापुड़ के मोहल्ला रफीकनगर निवासी राजमिस्त्री दानिश (36) अपनी दो बेटियों माहिरा (6), समायरा (5) के अलावा भाई सरताज के बेटे समर (8) और दोस्त रफीकनगर निवासी वकील के बेटे माहिम (8) को लेकर गुलावठी के गांव मिठेपुर गए थे। वहां पांचों ने बाग में स्थित स्विमिंगपूल में स्नान किया। इसके बाद रात साढ़े दस बजे के करीब बाइक में चारों बच्चों को बैठाकर दानिश वापस गांव आ रहे थे। हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास एक रांग साइड से आए कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार चार बच्चों समेत पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। ट्रक का चालक मौके से भाग गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची।



शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाले कैंटर को जब्त कर लिया गया है। सीओ अनीता सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कैंटर को जब्त कर लिया है, साथ ही आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी को घाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से किया सम्मानित

**अक्कारा/नयी दिल्ली, 03 जुलाई (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घाना के सर्वोच्च सम्मान, 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति जॉन महामा ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। श्री मोदी ने बुधवार को इस सम्मान के लिए घाना के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और इसे 'अत्यंत गर्व का विषय' बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने घाना के राष्ट्रपति महामा से द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने रक्षा, सुरक्षा, कौशल विकास और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों की ओर से पुरस्कार स्वीकार करते हुए इस सम्मान को भारत के युवाओं की आकांक्षाओं, इसकी सांस्कृतिक परंपराओं और विविधता तथा घाना और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया। श्री मोदी ने इस विशेष सम्मान के लिए घाना के लोगों और सरकार को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच मित्रता को और गहरा करता है तथा द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की उन पर नई जिम्मेदारी डालता है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि घाना की उनकी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा दोनों देशों के संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।'



## लापरवाही से वाहन चलाया तो इंश्योरेंस कंपनियां मुआवजे देने के लिए जिम्मेदार नहीं, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

नई दिल्ली, 03 जुलाई (एजेंसी)। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते हादसा हुआ। ऐसे में मृतक के उत्तराधिकारी मुआवजे के लिए दावा नहीं कर सकते। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह ऐसा होगा कि हम किसी की गलती के लिए उसे मुआवजा दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति लापरवाही से वाहन चलाते हुए मारा जाता है तो इंश्योरेंस कंपनियां उसके परिजनों को मुआवजा देने के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मृतक के परिजनों की 80 लाख रुपये मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी मृतक के परिजनों की मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करेंगे, इसलिए विशेष याचिका खारिज की जाती है। 18 जून 2014 को एनएस रविशा मल्लासांद्रा गांव से अरासीकेरे शहर जा रहा था। गाड़ी में उसके पिता, बहन और बहन के बच्चे भी सवार थे। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि रविशा ने लापरवाही से तेज गति से गाड़ी चलाई और ट्रैफिक नियमों का भी पालन नहीं किया। , जिसके चलते कार सड़क पर पलट गई। हादसे में रविशा को गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते हादसा हुआ। ऐसे में मृतक के उत्तराधिकारी मुआवजे के लिए दावा नहीं कर सकते। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह ऐसा होगा कि हम किसी की गलती के लिए उसे मुआवजा दे रहे हैं।




## कमरे की छत गिरने से तीन लोगों की मौत

**होशियारपुर, 03 जुलाई (वार्ता)।** पंजाब के होशियारपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के गांव अहियापुर में गुरुवार को घर की छत गिरने से एक श्रमिक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि हादसे में श्रमिक पिता शंकर(40) और उसकी दो बेटियों शिवानी (13)और पूजा(05) की मौके पर ही मौत हो गयी। टांडा थाने के प्रभारी निरीक्षक गुरविंदरजीत सिंह ने बताया कि बिहार का रहने वाले शंकर (40) अपने परिवार के साथ जिस किराये के कमरे में रहता था, उसकी छत सुबह अचानक गिर गई। इस हादसे में पिता और बेटियों की मौत हो गयी।इस घटना में परिवार के तीन अन्य सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि शंकर की दो बेटियों सुनीता (06) और प्रीति (08) को टांडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि उसकी पत्नी प्रियंका (36) को टांडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। श्री सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि मकान एक पुराना ढांचा था, जिसकी लकड़ी की छत मिट्टी से ढकी हुई थी,जो संभवतः कल देर रात से क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश के कारण ढह गई।

## रामपुरी में खुली डेयरी की पोल, 600 लीटर दूध छापे में विनष्ट

**मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बु.)।** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय,अर्चना धीरान तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गुरूवार को चलाए अभियान में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने उत्तरी रामपुरी के शाहबुद्दीनपुर में ब्रह्मपाल कल्लू पुत्र रतन सिंह के प्रतिष्ठान पर छापा मारा। विभागीय टीम ने यहां से भारी मात्रा में पनीर निर्माण को संग्रहित सामग्री के दो नमूने जब्त करते हुए जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे। गुरूवार को डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर आम जनमानस को शुद्ध एवं स्वच्छ पनीर उपलब्ध कराने के पवित्र उद्देश्य से जनपद मुजफ्फरनगर में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अर्चना धीरान व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवकुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाते हुए खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा ब्रह्मपाल उर्फ कल्लू पुत्र रतन सिंह के शाहबुद्दीनपुर, उत्तरी



रामपुरी मुजफ्फरनगर स्थित पनीर निर्माण इकाई पर छापा मार कर पनीर निर्माण हेतु भण्डारित दूध जो प्रथम दृष्टया मिलावटी प्रतीत होने के साथ अस्वच्छकर स्थिति में पाया गया, जो मात्रा में लगभग 600 लीटर, अनुमानित मूल्य लगभग 27000 रुपए था, को मौके पर उपस्थित खाद्य कारोबारकर्ता तथा जनसाक्षियों के समक्ष दूध व पनीर का एक-एक विधिक नमूना संग्रहित कर शेष दूध को मौके पर कारोबार कर्ता की सहमति से नियमानुसार विनष्ट करा दिया गया। उक्त दोनों जब्त नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।





# जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा नगर, रथ खींचने को लगी भक्तों में होड़

## - नगर में जगह-जगह हुआ इस भव्य रथयात्रा का स्वागत
## - श्री लक्ष्मी नारायाण मंदिर में किया भंडारे का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बु.)।** इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से मुजफ्फरनगर में दो जुलाई से प्रारंभ भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा रजत जयंती महोत्सव के बीच गुरूवार सायं रथयात्रा का पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की कड़ी में शाम नई मंडी मेहता क्लब से नगर भ्रमण के साथ गांधी कॉलोनी के लिए भव्य रथयात्रा प्रारंभ हुई, इसके लिए इस्कॉन के भक्तों की विशेष टोलियां भजन-कीर्तन करते हुए भगवान की भक्ति में सराबोर दिखाई दी। इस दौरान भक्तों द्वारा अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए अलग ही जोश व उत्साह देखने को मिला। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा रथयात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए मुस्तैद दिखाई दी। इस्कॉन प्रचार समिति के प्रधान मनीष कपूर ने बताया कि गुरूवार को नई मंडी मेहता क्लब से शुरू हुई भव्य रथयात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ जी अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ स्वर्ण रथ पर सवार होकर भक्तों का कल्याण करने के लिए नगर क्षेत्र के भ्रमण को निकले, जहां हर ओर भगवान जगन्नाथ के जयघोष से पूरा नई मंडी क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व मेहता क्लब नई मंडी में मुख्य अतिथियों के रूप में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, साक्षी गोपाल दास जी महाराज, उद्यमी भीम कंसल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, श्रीमोहन तायल, सुरेन्द्र अग्रवाल, संजय गर्ग आदि ने पूजा अर्चना करने के बाद भव्य रथयात्रा का शुभारंभ किया। नई मंडी मेहता क्लब से प्रारंभ भव्य रथयात्रा भगवान जगन्नाथ जी की दिव्य रथयात्रा नई मंडी स्थित बिंदल बाजार से होते हुए भोपा पुल, मालवीय चौक, टाउन हाल, सदर बाजार, कोर्ट रोड होते हुए हनुमान मंदिर, रुड़की रोड व शिव चौक होते हुए वहां से झांसी रानी, टाउनहाल रोड व मालवीय चौक समेत अन्य मुख्य मार्गों में परिक्रमा करते हुए गांधी कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर पर पहुंच कर देर रात्रि संपन्न हुई, जिसके बाद यहां पर मंदिर प्रांगण में भंडारे आयोजित किया गया। इससे पूर्व भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर रथयात्रा पर पुष्प वर्षा एवं भगवान को भोग प्रसाद अर्पित करते हुए भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य मार्गों पर भगवान जगन्नाथ जी के विशाल रथ को भक्त अपने हाथों से रस्सी के सहारे खींचकर बड़े ही उत्साह के साथ युवाओं की टोली भक्ति के रंग में रंगी दिखाई दी। रथयात्रा में बैण्ड-बाजे व नासिक का ढोल भक्तों के साथ नगर की जनता के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे। जनपद मुजफ्फरनगर के भक्तों में इस वर्ष भगवान जगन्नाथ जी की 25वीं रजत जयंती महोत्सव को लेकर अलग ही उत्साह व जोश दिखाई दिया। इससे पूर्व बीती रात्रि मौहल्ला लक्ष्मण विहार स्थित बैंकटहॉल में भक्तों के बीच पधारे साक्षी गोपाल दास जी ने अपने भजनों से भाव विभोर कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा का गुणगान करते हुए धर्म लाभ पाया। उन्होंने बताया कि गुरूवार सायं भगवान जगन्नाथ के आगमन के उपलक्ष्य में साक्षी गोपालदास महाराज अपने भक्तों के साथ में भव्य संकीर्तन किया जिसके बाद भगवान श्री को 56 भोग अर्पित करने के साथ दिव्य महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कुलबंत सिंघल, मनोज खंडेलवाल, राकेश जैन, अंशुल गर्ग, सौम्य कुच्छल, सचिन अग्रवाल, सचिन मित्तल, संदीप मित्तल, सतीश अरोरा, अम्बरीश कुमार, अमित, मयंक अग्रवाल, रोशन वर्मा, विकास गोयल, और विकास गर्ग आदि मौजूद रहे।



## दिल्ली में पुराने वाहनों के फ्यूल बैन को लेकर दिल्ली सरकार का यू-टर्न, कहा- अभी लागू करना जल्दबाजी

**नई दिल्ली, 03 जुलाई (एजेंसी)।** दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने पर बैन लगाने के फैसले पर दिल्ली सरकार ने यू-टर्न ले लिया है। सरकार का कहना है कि अभी इसे लागू करना जल्दबाजी होगा। दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से अनुरोध किया है कि 1 जुलाई 2025 से लागू होने वाले आदेश संख्या 89 को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए। इस आदेश के तहत राजधानी दिल्ली में एंड ऑफ लाइफ यानी तय आयु सीमा पार कर चुके वाहनों को ईंधन देने पर रोक लगाई जानी थी। दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा की ओर से आयोग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एनपीआर सिस्टम अभी तकनीकी रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं है। कई कैमरे खराब हैं, स्पीकर काम नहीं कर रहे और पड़ोसी राज्यों के डाटाबेस से भी इसका समन्वय नहीं हुआ है। एनसीआर के साथ समन्वय का अभाव है। गुरुग्राम, फरीदाबाद और गाज़ियाबाद जैसे पड़ोसी जिलों में अभी तक अठढफ कैमरों की स्थापना शुरू नहीं हुई है। इससे लोग आसानी से इन इलाकों से पेट्रोल-डीजल भरवा सकते हैं और आदेश का असर खत्म हो जाएगा। यदि आदेश सिर्फ दिल्ली में लागू होता है तो इससे ठउफमें ईंधन की अवैध बिक्री बढ़ सकती है। चरणबद्ध और समन्वित कार्ययोजना की जरूरत है। सरकार का कहना है कि जब तक अठढफपूरे ठउफमें एकसमान लागू न हो, तब तक इस आदेश को टाल देना ही उचित होगा।



## बागेश्वर धाम में बड़ा हादसा, एक की मौत, कई घायल, धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन मनाने आया था मृतक

**छतरपुर, 03 जुलाई (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में बड़ा हादसा हो गया। टिन शेड गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई और 8 घायल हो गए है। मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने घायलों को अस्पताल भेज राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। दरअसल, गुरुवार सुबह से हो रही बारिश के कारण बाबा बागेश्वर के भक्त टिन शेड के नीचे खड़े थे। इसी दौरान शेड गिरा तो भगदड़ मच गई और तमाम लोग नीचे गिर गए। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के बस्ती जिला निवासी राजेश कौशल के ससुर श्यामलाल कौशल (50 वर्ष) की मौत हो गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रद्धालु राजेश ने बताया कि शुक्रवार यानी 4 जुलाई को धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन है। इसी के चलते उनका परिवार उत्तर प्रदेश से बागेश्वर धाम आया है। गुरुवार सुबह सभी लोग तैयार होकर शास्त्री के दर्शन करने पहुंचे थे। इस बीच हादसा हो गया। राजेश ने बताया कि टिन शेड से निकला लोहे का एंगल उनके ससुर श्यामलाल कौशल के सिर में लगा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में राजेश, सौम्या, पारुल, उन्नति समेत 8 घायल हुए हैं।

## छोटा हाथी व बाइक की जोरदार टक्कर, बाइक सवार महिला सहित 2 घायल

**चरथावल, 03 जुलाई (बु.)।** ग्राम दधेडू चौकी के निकट चालक की लापरवाही से छोटा हाथी व बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें बाईक सवार युवक व महिला दोनों घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। वाहन छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में ले लिया। गुरुवार की शाम थाना छपार के ग्राम बरला निवासी शाहरुख पुत्र सरफराज बाइक द्वारा अपनी फूफी फहमीदा को लेकर मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह दधेडू चौकी के पास पुल के निकट पहुंचा, तभी मुजफ्फरनगर की ओर से लापरवाही व तेजगति से आ रहे छोटा हाथी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे दधेडू चौकी प्रभारी संजय तोमर ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जबकि चालक छोटा हाथी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में ले लिया।



## तारीख गवाह है
### आज का इतिहास

**नयी दिल्ली, 03 जुलाई (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है- 1776-अमेरिकी कांग्रेस ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता से घोषणा की। 1857-भारतीय स्वतंत्रता सेनानी धन सिंह गुर्जर का निधन। 1898-भारत के पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री गुलज़ारीलाल नन्दा का जन्म। 1902-साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकाण्ड विद्वान स्वामी विवेकानन्द का निधन। 1914-बर्दुन का युद्ध समाप्त। 1916-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री नसीम बानो का जन्म। 1945-हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता सुशील कुमार का जन्म। 1957-भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग शेट्टी का जन्म। 1963-भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' के अभिकल्पक पिंगलि वेंकय्या का निधन। 1978-भारतीय संविधान को बनाने में सहयोग देने वाली महिलाओं में से एक अम्मू स्वामीनाथन का निधन। 1982-बॉलीवुड के प्रसिद्ध गीतकार भरत व्यास का निधन। 1996-रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन पुनः चार वर्ष हेतु राष्ट्रपति निर्वाचित। 1997-अमेरिकी यान 'सोजर्नर' मंगल ग्रह पर पहुँचा। 1998-चेक गणराज्य की याना नावोत्ना ने विम्बलडन टेनिस का एकल ख़िताब जीता, जापान ने मंगल ग्रह के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए 'प्लेनेट-बी' नामक अपना प्रथम अंतराग्रहिक मिशन भेजा, ब्रिटेन के एक पावरबोट 'द केवल एंड वायरलेस एडवेंचर' ने 74 दिन 20 घंटे व 38 मिनट में यात्रा पूरी करके सबसे शीघ्र विश्व भ्रमण का रिकार्ड तोड़ा। 2001-भारत द्वारा पाकिस्तान के नागरिकों (बंदियों) की रिहाई के निर्देश। 2003-पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हुए हमले में 44 मारे गये। 2005-आस्ट्रेलिया में डाल्फ़िन की एक नई प्रजाति स्नबफ़िन खोजी गई। 2006-गांधी शांति पुरस्कार विजेता व भारत में जर्मनी के पूर्व राजदूत गरहार्ड फ़शिर का निधन। 2007-वेबसाइट सेंटिडो कॉमन के मुताबिक़ मैक्सिको के कॉर्लोस स्लिम दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने। 2008-लगभग आठ साल बाद चीन की मुख्य भूमि और ताईवान के बीच नियमित सीधी विमान सेवा का पहला विमान ताइवान के तायोयुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। 2012-सर्न के वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्होंने नए कण हिग्स बोसॉन की खोज कर ली है।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98300 | चांदी- | 107500 |
| सिक्का- | 1170 | गिन्नी- | 73230 |

### आपका आज का राशिफल
**शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025**

**मेष-** कठिनाइयों से अशांति, प्रगति में व्यवधान, पारिवारिक उलझनें, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, शत्रुहानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, व्यर्थ भ्रमण।
**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, मनोरंजन की ओर रुझान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि।
**मिथुन-** समय आशाजनक, विवादास्पद मसला हल होने को, विरोधी परास्त, वैमनस्यता का समापन, मंगल आयोजन सम्पन्न, सुख के साधन सुलभ। यात्रा सुखद।
**कर्क-** स्वास्थ्य अनुकूल, आपसी सौहार्द्र, आहार-विहार में नवीनता, अध्ययन में रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, किसी योजना को मूर्त रूप में परिणित।
**सिंह-** भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, कठिनाइयों से अशांति, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, लापरवाही हानिकारक, पठन-पाठन में अरुचि, यात्रा निरर्थक।
**कन्या-** दिनमान अनुकूल, आरोग्य सुख में वृद्धि, विवाद समापन पक्ष में, इच्छित पद की प्राप्ति, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन की प्राप्ति, सम्मान में वृद्धि।
**तुला-** व्यवसायिक क्षेत्र में प्रगति, स्वास्थ्य सुधार पर, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, आवागमन में अनुकूलता, मनोरंजन की ओर रुझान, मानसिक शांति।
**वृश्चिक-** कठिनाइयों का निराकरण, वरिष्ठजनों से अपेक्षित सहयोग, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, सुख के जरूरी साधन उपलब्ध, हर्षोल्लास का वातावरण।
**धनु-** आशा अधूरी, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास असफल, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्य-व्यवसाय में निराशा, मानसिक बेचैनी, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।
**मकर-** योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से कार्य-सिद्धि, सद्विचारों का उदय, मानसिक शांति, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, वैमनस्यता का समापन।
**कुम्भ-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यावसायिक उन्नति हेतु नवप्रयास, इच्छानुकूल घटनाएँ घटित, लाभकारी मार्ग प्रशस्त, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि।
**मीन-** विचाराधीन योजना को मूर्त रूप में परिणित, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, अध्यात्म के प्रति आस्था।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# दीवार गिरी तो निर्माणाधीन लेंटर भी भरभराकर गिरा, 2 ग्रामीण हुए घायल, 2 ने कूदकर जान बचाई

## - लाखों रुपए की संपत्ति का हुआ नुकसान

**बुढ़ाना, 03 जुलाई (बु.)।** एक निर्माणाधीन मकान का 4 हजार फीट का एक लेंटर पीछे की दीवार गिरने से भरभराकर नीचे गिर गया, जिसमें मकान मालिक का पुत्र व मिस्त्री लेंटर के ताजे मलबे में दब गये, जबकि दो मजदूरों ने फुर्ती दिखाकर लेंटर से कूदकर अपनी जान बचा ली। दोनों घायलों को गंभीर हालत में मेरठ रैफर किया गया है। मौके पर पटवारी व अन्य अधिकारी पहुंचे, जिन्होंने मजदूरों से घटना की जानकारी ली। लाखों रुपये की संपत्ति का नुक्सान है। ग्रामीणों ने पीड़ित को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा में आज गुरुवार की सुबह फिरोज पुत्र आस मौहम्मद अली के मकान का लेंटर आधा दर्जन मजदूरों के द्वारा डाला जा रहा था कि अचानक दोपहर 12 बजे मकान के पीछे की दीवार गिर गयी और फिर निर्माणाधीन लेंटर भी भर-भराकर नीचे गिर गया, जिस वक्त लेंटर गिरा, उस वक्त लेंटर के नीचे मकान मालिक फिरोज का पुत्र नदीम और गांव के ही मिस्त्री अहसान पुत्र खलील खड़े थे। वे भी मलबे में दबकर गंभीर रुप से घायल हो गये, जबकि उपर खड़े होकर लेंटर में मसाला डाल रहे गांव के ही मजदूर ओसामा पुत्र हारुन और भूरा पुत्र सादा ने खतरा भांपते हुए छत से छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली। लेंटर गिरने की आवाज दूर तक गयी, तो मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण आ गये और उन्होंने बड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबे नदीम और अहसान को निकालकर गांव के ही एक चिकित्सक को दिखाया, जिसने दोनों को गंभीर हालत में मेरठ ले जाने को कहा। उधर लेंटर गिरने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना तहसील से लेखपाल अजय, रतनपुरी पुलिस और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल की और दौड़ लगाते हुए मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान उस्मान अली और पड़ोसियों से पूरी घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित फिरोज अली को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।



# इमाम हुसैन की याद में शिया सोगवारों ने किया खूनी मातम

**मीरापुर, 03 जुलाई (बु.)।** मोहर्रम की 07 तारीख को शिया सोगवारों द्वारा इमाम हुसैन की याद में निकाले गए मातमी जुलूस में शिया सोगवारों ने खूनी मातम करते हुए इमाम हुसैन और उनके नवासे को याद किया। शिया सोगवार इमाम हुसैन को याद कर जार-जार रोये। गुरुवार को मोहर्रम की 07 तारीख में शिया सोगवारो का मातमी जुलूस मीरापुर के पचंदरा इमामबारगाह से शुरू हुआ। मातमी जुलूस में शिया सोगवारों ने इमाम हुसैन की याद में जमकर खूनी मातम किया। जुलूस की नोहाख्वानी कमर अब्बास जैदी, मौहम्मद मूसा, खुर्रम जैदी, आगाज हैदर, जव्वाद जैदी ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत की हिफाजत के लिए यजीद के सामने सिर नहीं झुकाया तथा सितमकरों के आगे न झुकते हुए अपने पूरे परिवार के साथ कुर्बानी दे दी। दोपहर बाद मातमी जुलूस मीरापुर से कैथोड़ा के बड़े इमामबारगाह पहुँचा, जहाँ कैथोड़ा के शिया सोगवारों ने जुलूस का इस्तकबाल किया। इस दौरान मातम करने वालों में मुख्यरूप से हैदर मेहंदी जैदी, नजीर हैदर, शाहीन रजा, कमर अब्बास जैदी, शमीम हैदर, वसीम हैदर, ऐजाज हैदर, सज्जाद हैदर, मजहर अब्बास नकवी, बाबर जैदी, शब्बीर हैदर, शबलु जैदी, साहिल अब्बास, तनवीर जैदी, सज्जाद हैदर, असद जैदी आदि शामिल रहे। जुलूस के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



# शोपीस बनी एनएचएआई की स्ट्रीट लाइट

## - पिछले 20 दिनों से खराब पड़ी हैं स्ट्रीट लाइट

**जानसठ, 3 जुलाई (बु.)।** पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग पिछले एक माह से टोल की शुरूआत हो चुकी है। टोल की शुरूआत होने के बाद से ही टोल पर स्थानीय विधायक, किसान यूनियन सहित कई बार टोल के अधिकारियों से नोक-झोंक हुई। मगर टोल अधिकारियों द्वारा लोकल के लोगों को टोल शुल्क में कोई छूट नहीं दी गई। इसके बावजूद जानसठ कस्बे में बिजलीघर के सामने एनएचएआई की स्ट्रीट लाइट शोपीस बन गई हैं। लाइट करीब तीन हफ्तों से बंद पड़ी हैं। टोल फ्री नंबर पर भी स्थानीय लोगों के द्वारा शिकायत की जा चुकी है, मगर उसका निस्तारण भी अभी तक नहीं हो पाया है। अब से कुछ ही दिनों बाद कांवड़ यात्रा भी इसी रास्ते से होकर गुजरेगी। एक तरफ अधिकारियों के द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आम समस्या को भी नहीं देखा जा रहा है। रात्रि में प्रकाश ना होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा घट सकता है।




### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वर्धन मदान व पुत्रवधू श्रीमति दर्शिका शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। उनका आचरण मेरे व मेरे परिजनों के विरूद्ध कठोर हो गया है, जिस कारण मैंने अपने पुत्र व पुत्रवधू से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद से मेरा अपने पुत्र वर्धन मदान व पुत्रवधू श्रीमति दर्शिका शर्मा से किसी भी प्रकार का सम्बंध नहीं है और ना ही भविष्य में रहेगा। मेरा पुत्र व पुत्रवधू अपने द्वारा किये किसी भी आपराधिक गतिविधि व लेन-देन के प्रति स्वयं जिम्मेदार होंगे।

हर्ष कुमार पुत्र श्री रामशरण मदान
निवासी- म.न. 361, गाँधी कॉलोनी,
थाना- नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7910, दिनांक 22/07/2019 में गलती से पुत्र का नाम लक्ष और पिता का नाम राजन तथा माता का नाम साक्षी अंकित कराये गये थे, जबकि वास्तविक नाम क्रमशः लक्ष अरोरा, पिता का नाम राजन अरोरा तथा माता का नाम साक्षी बजाज है और इन्हें भविष्य में भी इन्हीं नामों से जाना जायेगा। राजन अरोरा गली नं. 4, शिव नगर, सरवट, मुजफ्फरनगर।

### बैनामा खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23/11/2007 को एक आवासीय प्लॉट, जिसका नगर पालिका नं0-40, स्थित मौहल्ला इन्दिरा कॉलोनी, 150.50 वर्गमीटर प्रकाशवती पत्नी जगदीश शरण शर्मा से क्रय किया गया था। उक्त बैनामा सब-रजिस्ट्रार द्वितीय मु0नगर के कार्यालय में दिनांक 23/11/2007 को रजिस्ट्री कराया गया था। मेरा उक्त बैनामा, दिनांक 27/06/2025 को जीवन बीमा निगम कार्यालय के पास अंसारी रोड, मुजफ्फरनगर पर कहीं गुम हो गया है। काफी तलाश करने पर भी उक्त बैनामे का कहीं सुराग नहीं लग पाया है। यदि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इसका प्रयोग किया जाता है तो, यह अवैध व शून्य होगा।

श्रीमति सुप्रभा पत्नी राजवीर
निवासी:- म.न. 37, इन्दिरा कॉलोनी,
थाना सिविल लाईन, जिला- मुजफ्फरनगर
हाल निवासी- ग्राम-पावटी, थाना- चरथावल,
जिला- मुजफ्फरनगर

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 14398, दिनांक 04/12/2020 में गलती से नाम सार्थक अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम सार्थक पाँचाल है। वह भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- विपिन कुमार
साउथ कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर
मो. 9548850300


# मीठे पेय पदार्थो, तंबाकू और शराब पर करों में कम से कम 50 प्रतिशत बढ़ोतरी हो - डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मोटापा, कैंसर और मधुमेह के बढ़ते मामलों को देखते हुए वर्ष 2035 तक मीठे पेय पदार्थों तंबाकू, शराब और पर करों में कम से कम 50 प्रतिशत वृद्धि करने का आग्रह किया है। डब्ल्यूएचओ ने इन तीनों बीमारियों के उपचार पर आने भारी भरकम खर्च को देखते हुए कराधान संबंधी अपनी महत्वाकांक्षी "3 बाय 35" पहल का आज अनावरण किया। यह पहल लोगों को इन पदार्थों के सेवन से हतोत्साहित करने के लिए है ताकि इनकी कीमतों में बढ़ोत्तरी होने से लोग इन्हें खरीदने से परहेज करें। यह पहल गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह के बढ़ते वैश्विक बोझ को देखते हुए की गई है। दुनिया भर में होने वाली सभी मौतों में से इन तीनों बीमारियों से 75 प्रतिशत से अधिक मौतें होती हैं। डब्ल्यूएचओ के सहायक महानिदेशक (स्वास्थ्य संवर्धन ,रोग निवारण



और नियंत्रण) डॉ. जेरेमी फर्रार ने यहां एक बयान में कहा, "स्वास्थ्य कर हमारे पास सबसे बेहतर उपायों में से एक है क्योंकि मीठे पेय पदार्थों, तंबाकू,शराब पर लगाए गए करों में बढ़ोत्तरी से स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहे ऐसे उत्पादों की खपत कम हो जाती है। इससे न केवल राजस्व में बढ़ोत्तरी होती है बल्कि सरकार इस धनराशि का इस्तेमाल स्वास्थ्य देखभाल,शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा में कर सकती हैं। अब इस दिशा में गंभीर कार्रवाई करने का समय आ गया है क्योंकि गैर संचारी रोगों में बेतहाशा वृद्धि ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों पर भारी दबाव डाला है। बयान में कहा गया है कि इन हानिकारक उत्पादों पर अधिक कर लगाने की मांग से इनकी खपत पर नियंत्रण होने की उम्मीद है। इससे स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और रोकथाम कार्यक्रमों के लिए बहुत सरकारों के पास अधिक मात्रा में धनराशि उपलब्ध हो सकेगी। हाल ही में किए गये अध्ययनों से अनुमान मिलता है कि तम्बाकू, शराब और मीठे पेय पदार्थों पर करों में 50 प्रतिशत वृद्धि से अगले पाँच दशकों में पांच करोड़ से अधिक अकाल मृत्यु को रोका जा सकता है। इस पहल का एक महत्वाकांक्षी लेकिन प्राप्त करने योग्य लक्ष्य यह है कि अगले 10 वर्षों में एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए जाएँ। वर्ष 2012 और 2022 के बीच, लगभग 140 देशों ने तम्बाकू पर करों में बढ़ोत्तरी की जिसके परिणामस्वरूप वास्तविक कीमतों में औसतन 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। जो दर्शाता है कि बड़े पैमाने पर बदलाव संभव है। कोलंबिया से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक अनेक सरकारों ने स्वास्थ्य कर लागू किए हैं। इनसे इन पदार्थों की खपत में कमी और राजस्व में वृद्धि देखी गई है। इसके बावजूद अनेक देश तम्बाकू जैसे उद्योगों को कर प्रोत्साहन देना जारी रखते हैं। बयान में कहा गया है, डब्ल्यूएचओ सरकारों को तम्बाकू पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण करने और अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की कीमत पर ऐसे उद्योग को कर में रियायत नहीं देने का समर्थन करता है।

# अमित जैन बने आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर के चेयरमैन

**मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बुस.)।** विगत रात्रि आईआईए के पूर्व चेयरमैन और आईआईए इंड्रस्ट्रीज की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल स्वर्ण इन में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वप्रथम चैप्टर से केंद्र में नेशनल सचिव का प्रतिनिधित्व मिलने पर कुश पुरी का पुष्प-गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में ट्रस्ट से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और आईआईए को और अधिक प्रभावशाली और शक्तिशाली बनाने के लिए गहन मंथन हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार साझा किए और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नए चैप्टर चेयरमैन के लिए गहन मंथन के उपरांत सर्वसम्मति से अमित जैन के नाम पर सबकी सहमति बनी और चेयरमैन चयन का प्रस्ताव राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल को रात्रि में ही भेज दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने अमित जैन को मुजफ्फरनगर चैप्टर के चेयरमैन का नामांकन-पत्र जारी करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में नेशनल सचिव कुश पुरी, कार्यवाहक चेयरमैन पवन कुमार गोयल, कार्यवाहक सचिव अमित जैन, पूर्व चेयरमैन सुधीर चंद्र गोयल, शरद जैन, पंकज अग्रवाल, नीरज केडिया, अश्वनी खंडेलवाल और मनोज अरोड़ा उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों को जल्द ही लागू किया जाएगा और आईआईए की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।



# बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र विवेक ने किया कुश्ती ओपन विश्व रैंकिंग चैम्पियनशिप 2025 में किया प्रतिभाग

**मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बुस.)।** श्रीराम कॉलेज के बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र विवेक ने कुश्ती ओपन विश्व रैंकिंग चैम्पियनशिप 2025 में प्रतिभाग कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती ओपन विश्व रैंकिंग चैम्पियनशिप 26 से 29 जून तक तुर्की में खेली गई, जिसमें लगभग 50 देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र विवेक ने 74 किग्रा पुरूष भार वर्ग में प्रतिभाग कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विवेक का चयन जूनियर एशिया चैम्पियनशिप में हुआ है, जो दिनांक 05 से 13 जुलाई तक किर्गिस्तान में खेली जायेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय आगमन पर कुश्ती ओपन विश्व रैंकिंग चैंपियनशिप 2025 प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी विवेक को श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल द्वारा प्रतियोगिता में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार, निदेशक श्रीराम कॉलेज ने बीपीईएस के प्रथम वर्ष के छात्र विवेक को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर बधाई दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने छात्र विवेक को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, विकास कुमार, अंकुर रूहेला प्रवक्ता कम्प्यूटर एप्लीकेशन, नंद किशोर कार्यालयध्यक्ष तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्तागण भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, अमरदीप, प्रशान्त, विश्वदीप कौशिक तथा तरूण आदि उपस्थित रहे।




## कार्यालय नगर पंचायत, शाहपुर, जनपद -मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-150/न0प0शा0/2025-26 दिनांक 03/07/2025

**अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रावण मास शिवरात्रि मेला हेतु कांवड़िया हरिद्वार से जल लेकर नगर पंचायत शाहपुर से होते हुए गुजरेंगे, जिससे कांवड़ियों के आगमन हेतु निम्न कार्य कराये जाने अति आवश्यक हैं, जो निम्न प्रकार हैं-

| | |
|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज के पास से सोरम गेट तक बैरीकेटिंग एवं स्वागत द्वार का कार्य। |
| 2 | राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज के पास से सोरम गेट तक मुख्य स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों की मरम्मत का कार्य। |
| 3 | कांवड़ियों हेतु मोबाईल टॉयलेट मरम्मत का कार्य। |
| 4 | कांवड़ियों के स्वागत हेतु फ्लैक्सी, बैनर, पुष्प वर्षा का कार्य। |
| 5 | मंसूरपुर रोड से सोरम गेट तक एल0ई0डी0 तिरंगा लाईट खम्बों/पोल पर लगाने का कार्य। |
| 6 | अस्थाई जनरेटर द्वारा कांवड़ मेले मे लाईट जलाने का कार्य। |
| 7 | कार्यालय परिसर में कांवड़ शिविर हेतु पण्डाल, मेज, गद्दे, कुर्सी, कूलर, पंखे, बर्तन आदि कार्य। |

अत: जो भी व्यक्ति उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक हो तो वह अपनी सीलबन्द कुटेशन दिनांक 09/07/2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत शाहपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

अध्यक्ष
नगर पंचायत शाहपुर
(मुजफ्फरनगर)


# लिवरपूल फॉरवर्ड जोटा की कार दुर्घटना में मौत

**लंदन, 03 जुलाई (वार्ता)।** पुर्तगाल और लिवरपूल के स्टार फॉरवर्ड डिओगो जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की कार दुर्घटना में मौत हो गई है। वह 28 वर्ष के थे। स्पेन के जमोरा प्रांत में हुई इस दुर्घटना में पुर्तगाल फॉरवर्ड के भाई आंद्रे सिल्वा की भी मौत हो गई। 26 वर्षीय जोटा पुर्तगाली सेकेंड-टियर क्लब पेनाफिल के साथ एक पेशेवर फुटबॉलर भी थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जोटा और उनके भाई की आज स्थानीय समयानुसार लगभग 00:30 बजे कार दुर्घटना में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि उनकी कार का एक अन्य वाहन को ओवरटेक करते समय टायर फट गया और सड़क से फिसलने के बाद उसमें आग लग गई। जोटा ने पिछले महीने ही अपने लंबे समय की साथी रूटे कार्डसो से शादी की।

उनके तीन बच्चे हैं। उल्लेखनीय है कि जोटा ने पिछले सीजन में लिवरपूल को प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में मदद की थी और पुर्तगाल के लिए भी खेला था जिसने जून में नेशंस लीग के फाइनल में स्पेन को हराया था।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक: 881/ E- Tender/Tax/NPP/MZN/2025-26 दिनांक 03/07/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के द्वारा निर्धारित मदों की वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवशेष अवधि के लिए वसूली हेतु इच्छुक निविदादाता/संस्था/फर्म/व्यक्ति/किसी भी सरकारी विभाग हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न 08 मदों की वसूली हेतु दिनांक 18/07/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें पुन: द्वितीय बार आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 04/07/2025 की प्रात: 10:00 से दिनांक 18/07/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 18/07/2025 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के कर विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वेबसाईट पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकते हैं।

प्रभारी कर अधीक्षक, नगर पालिका परिषद् मुजफ्फरनगर
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् मुजफ्फरनगर।
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् मुजफ्फरनगर।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर

पत्रांक- मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/आयु0 चि0/वॉक इन इन्टरव्यू/2025-26/248 दिनांक- 03/07/2025

**-: कार्यालय ज्ञाप:-**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-669/एस0पी0एम0यू0/ एन0एच0एम0/ एच0आर0/ आयुष/ 2024-25/4933 दिनांक 28/10/2024 एवं साक्षात्कार हेतु नामित अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन दिनांक 02/07/2025 के क्रम में जनपद /ब्लॉक स्तर पर सर्जित आयुष चिकित्सक (संविदा) रिक्त पदों पर आवेदित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हेतु विवरण निम्नानुसार है-

| क्र0 सं0 | आवेदित कार्यक्रम का नाम | साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि | क्रमांक संख्या | स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मैनस्ट्रीमिंग ऑफ आयुष चिकित्सक (महिला व पुरूष) एवं आर0बी0 एस0 के आयुष चिकित्सक (महिला व पुरूष) | 07-07-2025 | 01 से 50 तक | स्थान- विकास भवन सभागार, मुजफ्फरनगर। समय- प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक |
| 2 | | 09-07-2025 | 51 से 100 तक | |
| 3 | | 10-07-2025 | 101 से 154 तक | |

(क)- उपरोक्त आयुष चिकित्सकों के पदों पर साक्षात्कार उक्त समय, स्थान एवं तिथियों में सम्पन्न कराया जायेगा।
(ख)- आवेदित अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक एवं मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग करें।
(ग)- आवेदित अभ्यर्थियों की सूची एवं विवरण एन0आई0सी0 की वेबसाइट http://muzaffarnagar.nic.in पर एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर के सूचना पट पर देखा जा सकता है। समस्त अभ्यर्थी संलग्न सूची में वर्णित नियत दिनांक व समय पर ही साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
(घ)- साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

संलग्नक- अभ्यर्थियों की सूची।

(डा0 सुनील तेवतिया)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुजफ्फरनगर




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा


**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

